# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का उग्र प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए यूजीसी कानून के विरोध में बुधवार को भिंड शहर में सवर्ण समाज का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और समाजजन एकत्र होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए जब प्रदर्शन के दौरान अर्धनग्न प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा, गेट का कांच टूटने और एक युवक की हिरासत को लेकर पुलिस से तीखी नोकझोंक की घटनाएं सामने आईं।

करीब तीन घंटे तक चले इस आंदोलन के कारण शहर में तनाव का माहौल बना रहा। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सवर्ण समाज के लोग धनमंतरी कॉम्प्लेक्स पर एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर प्रस्थान किया गया। रैली के दौरान युवाओं ने यूजीसी कानून को 'काला कानून' बताते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ युवकों द्वारा अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने से मार्ग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## अर्धनग्न प्रदर्शन, कांच टूटने की घटना, युवक की हिरासत को लेकर पुलिस से नोंकझोंक

**बैरीकेड तोड़कर कलेक्ट्रेट में प्रवेश:** कलेक्ट्रेट पहुंचने पर पुलिस द्वारा बैरीकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने बैरीकेड हटाकर परिसर में प्रवेश कर लिया। काफी देर तक ज्ञापन लेने कोई वरिष्ठ अधिकारी बाहर नहीं आया, जिससे आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद कुछ युवक कलेक्टर चेंबर की ओर बढ़े। गेट अंदर से लॉक होने के कारण चैनल खोलने के दौरान धक्का-मुक्की हुई, जिससे कलेक्ट्रेट गेट का कांच टूटकर जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल स्थिति संभालते हुए प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाया। रिहा होने के बाद गौरव दीक्षित बाबा ने आरोप लगाया कि उन्हें एक स्थानीय नेता के इशारे पर पकड़ा गया और उनके खिलाफ पूर्व में भी कथित रूप से फर्जी मामला दर्ज कराया गया था।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पहले ही भिंड पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी, जिस पर निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिला था।

गिरफ्तारी वापस होने के बाद एसडीएम एवं सीएसपी की मौजूदगी में प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी कानून के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



**युवक को हिरासत में लेने से भड़का आक्रोश:** इसी दौरान पुलिस द्वारा आंदोलन में शामिल गौरव दीक्षित बाबा को हिरासत में लेकर थाने ले जाने की सूचना फैलते ही प्रदर्शनकारियों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। आंदोलनकारियों ने पुलिस को घेर लिया और 'जेल भरो आंदोलन' की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। करीब आधे घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद हालात बिगड़ते देख पुलिस को कदम पीछे खींचने पड़े और गौरव दीक्षित बाबा को मौके पर ही छोड़ दिया गया।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

परशुराम सेना एवं सवर्ण समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने यूजीसी कानून वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ, लेकिन आंदोलन के दौरान उत्पन्न घटनाओं ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

# बारिश और तेज हवाओं से बढ़ी ठंडक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** जिले में मंगलवार देर शाम मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। पहले रिमझिम बारिश हुई, जिसके बाद रात के समय तेज बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते क्षेत्र के तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक घुल गई।

बुधवार को सुबह से ही तेज हवाएं चलती रहीं, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह एवं शाम के समय लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम में आए इस बदलाव से जहां दिन की गर्मी से राहत मिली, वहीं ठंड के कारण आमजन की दिनचर्या प्रभावित हुई। बारिश के बाद कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया तथा निचले इलाकों में हल्का जलभराव देखने को मिला। हालांकि इस बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। खेतों में नमी बढ़ने से रबी फसलों को लाभ पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश गेहूं, चना एवं सरसों जैसी फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है तथा ठंडी हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम को देखते हुए सतर्क रहें और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं।

# समाधान योजना से बड़ी राहत

## 60 से 100% तक सरचार्ज माफ

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू की गई समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों के भुगतान में बड़ी राहत दी जा रही है। योजना का प्रथम चरण 31 जनवरी 2026 तक प्रभावशील है। इस योजना के माध्यम से घरेलू, कृषि, गैर-घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को सरचार्ज में भारी छूट प्रदान की जा रही है। विद्युत वितरण विभाग द्वारा समाधान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। फेमलेट, समाचार माध्यमों एवं विभागीय कार्यालयों के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें। समाधान योजना 2025-26 के तहत अब तक हजारों बकायादार उपभोक्ता अपने पुराने विद्युत बिलों का समाधान कर चुके हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत 27 करोड़ 70 लाख 74 हजार 737 रुपए से अधिक की राशि वसूल की जा चुकी है, वहीं 37 हजार 77 लाख 60 हजार 751 रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर सर्वाधिक लाभ दिया जा रहा है। पहले चरण में उपभोक्ताओं को 60 से 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी का लाभ मिल रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे बकायादार उपभोक्ता, जिनके कनेक्शन सरचार्ज के कारण बंद हो चुके हैं, वे भी समाधान योजना का लाभ लेकर पुनः विद्युत आपूर्ति प्रारंभ करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत बकाया बिल का भुगतान कर सरचार्ज में छूट पाने के लिए केवल 3 दिन का समय निर्धारित किया गया है। जिन उपभोक्ताओं ने पूर्व में बिल का भुगतान नहीं किया है, उनके लिए यह योजना वरदान सिद्ध हो रही है।

# जिन मुक्तिधामों में पानी के लिए कोई अन्य स्त्रोत नहीं, वहां लगाएं हैंडपंप : प्रभारी मंत्री पटेल

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की पहली बैठक

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास को गति देना तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनुभवी एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सुझावों को विकास योजनाओं में सम्मिलित करना रहा। बैठक में विधायक भिंड नरेन्द्र सिंह कुशवाह, विधायक गोहद केशव देसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा,




एसपी डॉ. असित यादव, सीईओ जिला पंचायत भिंड सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विकास सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**उद्योग, कृषि व रोजगार पर विशेष चर्चा:** प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल ने बैठक के दौरान जिले में उद्योग स्थापना, कृषि विकास, सिंचाई विस्तार, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं अधोसंरचना विकास जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में उद्योगों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। कृषि क्षेत्र में नवाचार, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार एवं किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान करने पर भी जोर दिया गया।

**विकास सलाहकार समिति की भूमिका को बताया अहम:** प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिला विकास सलाहकार समिति का गठन इसलिए किया गया है ताकि समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े अनुभवी व्यक्तियों के सुझावों का लाभ लेकर विकास को नई दिशा दी जा सके। उन्होंने कहा कि समिति से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जाएगा, जिससे जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**सड़क, पुल-पुलिया व अधोसंरचना की समीक्षा:** बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रमुख मार्गों, पुल-पुलियों, वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के फेस-3 की प्रगति तथा फेस-4 के अंतर्गत सर्वे कार्य की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**सिंचाई एवं जल संसाधन योजनाओं पर फोकस:** जल संसाधन विभाग से कनेरा सिंचाई उद्वहन योजना, सिमार स्टॉक डैम, मां रतनगढ़ परियोजना एवं पार्वती-काली सिंध परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सिंचाई परियोजनाएं किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने का माध्यम हैं, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक विभागों की समीक्षा

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, कृषि, रोजगार एवं कौशल विकास, ग्रामीण विकास एवं नगरीय विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

### पेयजल और मुक्तिधामों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों के ऐसे मुक्तिधाम जहां पेयजल का कोई वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल हैंडपंप लगाए जाएं। साथ ही जिले में जिन हैंडपंपों का जलस्तर गिर चुका है या सूख गए हैं, वहां रिचार्ज पिट का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जल संरक्षण के साथ पेयजल संकट से निजात मिल सके।

### समन्वय से विकास का आह्वान

बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, शासन की योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ लागू करने तथा आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है और इसके लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक को जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाली पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# जी राम जी ग्रामीण विकास की नई क्रांति : प्रभारी मंत्री पटेल



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा से पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक-2025 ग्रामीण भारत के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह योजना मनरेगा का उन्नत स्वरूप है, जो ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के साथ भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करेगी।

पटेल मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के रामलीला मैदान में आयोजित जिला स्तरीय जनजागरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मजदूरी का भुगतान हर सप्ताह किया जाएगा, जिससे श्रमिकों को आर्थिक राहत मिलेगी। खेती के मौसम में 60 दिनों का ब्रेक सुनिश्चित किया गया है, ताकि किसान अपनी फसल पर ध्यान दे सकें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पुरानी मनरेगा योजना में भुगतान में देरी, फर्जी जॉब कार्ड और अनियमितताएं आम थीं, लेकिन ड्क्क्-त क्रूत्त में बायोमेट्रिक सत्यापन और एआई आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की गई है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और फर्जीवाड़ा समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से जल संरक्षण, परिसंपत्ति निर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपील की कि गांव-गांव चौपालों के माध्यम से किसानों और श्रमिकों को योजना के लाभों की जानकारी दी जाए, ताकि भ्रम दूर हो और अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों।

जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने योजना की सराहना करते हुए इसे गांवों के विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि गांवों को सशक्त बनाकर ही देश को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# आलमपुर में 30 वर्ष पुराना अतिक्रमण हटाया

## चार बीघा शासकीय चरनोई भूमि हुई मुक्त, एसडीएम लहार की सख्ती, लापरवाह पटवारी हटाए गए

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** आलमपुर तहसील मुख्यालय से लगभग 50 मीटर की दूरी पर मुख्य हाइवे से लगी शासकीय चरनोई भूमि (सर्वे नंबर 928) पर विगत 30 से 35 वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा सख्ती के साथ हटाया गया। यह भूमि लगभग चार बीघा क्षेत्रफल की है और अत्यंत बेस कीमती शासकीय भूमि मानी जाती है। प्रकरण में पूर्व में नायब तहसीलदार न्यायालय द्वारा अतिक्रमणकर्ता को विधिवत नोटिस जारी कर बेदखली आदेश पारित किया जा चुका था, किंतु आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके पश्चात एसडीएम लहार विजय सिंह यादव के निर्देशन में तहसीलदार दीपक शुक्ला, नायब तहसीलदार महेश माहौर, राजस्व अमला एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान एसडीएम लहार स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका से जेसीबी मशीन मंगवाई गई। सर्वप्रथम अतिक्रमित चार बीघा भूमि पर खड़ी फसल को नष्ट कराया गया। इसके बाद सड़क किनारे अतिक्रमणकर्ता द्वारा की गई तार फेंसिंग को भी जेसीबी की सहायता से तोड़कर हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से शासकीय चरनोई भूमि पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त हो गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान एक भावुक दृश्य भी देखने को मिला। जैसे ही भूमि अतिक्रमण मुक्त हुई, बड़ी संख्या में गौमाता स्वतः चरने के लिए चरनोई भूमि पर पहुंच गई, जिसे देखकर मौके पर मौजूद अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण भावुक हो उठे। यह दृश्य चरनोई भूमि की उपयोगिता को स्वयं प्रमाणित करता नजर आया। कार्रवाई के दौरान आलमपुर हल्के के पटवारी संजीव जाटव की गंभीर लापरवाही सामने आई। जब एसडीएम ने अतिक्रमण संबंधी जानकारी ली तो पता चला कि संबंधित पटवारी बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित हैं। इस पर एसडीएम लहार विजय सिंह यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटवारी संजीव जाटव को हटाकर तहसील मुख्यालय लहार अटैच करने के निर्देश जारी किए। साथ ही आलमपुर हल्के का अतिरिक्त प्रभार पटवारी पंचम कुशवाहा को सौंपा गया। एसडीएम लहार विजय सिंह यादव ने नायब तहसीलदार महेश माहौर को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी सात दिवस के भीतर चरनोई प्रवृत्ति की तथा मुख्य मार्गों से लगी अन्य बेस कीमती शासकीय भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमणों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएं। विधिवत सुनवाई के पश्चात ऐसी समस्त शासकीय भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर गौमाता के चरने हेतु सुरक्षित करना और भविष्य में शासकीय संरचनाओं के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।

# मार्बल विनाइल कंपनी प्रबंधन ने किया ध्वजारोहण

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 28 जनवरी।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित मार्बल विनाइल कंपनी परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आलोक मिश्रा (सीईओ) अमित शर्मा (वाईस प्रेसिडेंट) सरफराज (सीएसओ) नरेंद्र असाती ,अमन अग्रवाल, आलोक पस्ते आदि कंपनी प्रबंधन ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें उपस्थित सभी पदा धिकारियों एवं सदस्यों ने देशभक्ति भाव के साथ सहभागिता निभाई ।






# लहचूरा में आनंद उत्सव आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 28 जनवरी।** नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7लहचूरा का पुरा में आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्ग महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर भजन-गीत गाए, रस्साकशी जैसे खेल खेले और अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं।कार्यक्रम के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) वितरित किए गए।साथ ही सभी लोगों को आनंद उत्सव एवं आनंद में रहने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और जीवन को सकारात्मक व प्रसन्नता के साथ जीने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सीएमओ सैयद रेहान अली जैदी, सैय्यद अफजॉन अली, प्रेम शर्मा, सुधीर कौशल, पंजाब पाल, समाज सेविका सोनू कुमारी, सुधीर चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को मिले गुणवत्तापूर्ण बिजली

**भोपाल.** किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और उद्योगों को सतत् एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ट्रिपिंग की समस्या कम से कम होनी चाहिए। समाधान योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात मंगलवार को विभागीय योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा के दौरान कही। मंत्री तोमर ने मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंताओं से बात कर विद्युत आपूर्ति और समाधान योजना की प्रगति की जानकारी ली। रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें.

# युवा संगम रोजगार मेला आयोजित, 19 कंपनियों की सहभागिता

## 167 युवाओं का प्राथमिक चयन रोजगार, अप्रेंटिसशिप व स्वरोजगार को लेकर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह




- **नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 जनवरी।** जिला रोजगार कार्यालय भिंड, आईटीआई भिंड, जिला रोजगार एवं उद्योग केंद्र भिंड तथा शासकीय एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिंड के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला एवं स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 28 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय परिसर में किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आरए शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी प्रभारी उपेन्द्र शर्मा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार, अप्रेंटिसशिप के अवसर एवं स्वरोजगार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

रोजगार मेले में देश-प्रदेश की 19 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से भारतीय जीवन बीमा निगम भिंड, एक्सिस बैंक गुरुग्राम, वोडाफोन भिंड, शिवशक्ति बायोटेक प्रा. लि. (गुजरात), आमदनी प्रा. लि. (ग्वालियर), भारत पे मर्चेंट भिंड, रॉयल एनफील्ड भिंड, ग्रेट अग्रेनिक डायमंड, प्रमोकाश प्रा. लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं।

मेले के दौरान विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न ब्रांचों एवं पदों के लिए चयन किया गया। इस दौरान कुल 177 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 167 विद्यार्थियों का निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने न केवल रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया, बल्कि अप्रेंटिसशिप एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों में रोजगार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरए शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी प्रभारी उपेन्द्र शर्मा सहित उपस्थित अधिकारियों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए रोजगार और करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# भारत विकास परिषद के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 28 जनवरी।** आज गोहद क्षेत्र के सर्वोदय स्कूल में सहारा हॉस्पिटल ग्वालियर के डॉक्टर श्री जबर सिंह अग्र, डॉ बलवीर राणा नेत्र विशेषण एवं डॉ अशोक राजपूत मेडिसिन एवम उनकी टीम द्वारा निशुल्क परीक्षण किया। जिसमें 80 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 7 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित हुए जिनका कल ग्वालियर में सहारा हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा, 2 लोगों को मेडिसन के लिए ग्वालियर रेफर किया गया। शिविर के अंत में स्मृति चिन्ह भेंट कार्यक्रम मे भारत विकास परिषद के आदरणीय प्रांत अध्यक्ष अमित जैन द्वारा शाखा गोहद के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवम सदस्यों को अपने उद्बोधन से प्रेरित किया तत्पश्चात प्रांतीय संस्कार प्रभारी श्री श्रवण पाठक द्वारा परिषद के कार्यो एवम उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिषद एक परिवार के रूप मे मानवता की सेवा संस्कार के साथ करती है द्य कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव श्री रविकांत गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे श्री अवधेश मौर्य, श्री के के शर्मा, श्रीमति रंजना गुप्ता ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की द्य कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन काँकर, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, सचिव रविकांत गुप्ता, मीडिया प्रभारी विकास माहौर, संपर्क प्रमुख रामावतार गौर, जगदीश नामधारी, के के शर्मा, डॉ अनिल शर्मा, प्रदुम्न शर्मा, अरविंद राठौर, प्रवीण शर्मा, रंजना गुप्ता, अमिता गुप्ता महिला संयोजक शाखा गोहद, रामनरेश शर्मा, प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।